विधान परिषद के प्रथम सत्र-2026 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, (इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक) मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर।

प्रश्न	उत्तर
1 (क) क्या औद्योगिक विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में इनवेस्टर समिति के माध्यम से कितनी कम्पनियों ने भाग लिया है और उनमें से कितनी कम्पनियों अपना उद्योग स्थापित करते हुए कार्य शुरू कर दिया है ?	प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2018 में "इन्वेस्टर समिट-2018" का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 1,045 औद्योगिक ईकाइयों द्वारा कुल रु. 4.28 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये थे । इसके पश्चात प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2023 में "ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023" का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 19,250 औद्योगिक ईकाईयों द्वारा रु. 33.50 लाख करोड़ के समझौता ज्ञपानों पर हस्ताक्षर किये गये।

उपरोक्त के क्रम में लगातार आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से सुगम कराये गए निवेश से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः-

ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह	कुल परियोजना की संख्या	निवेशित धनराशि (करोड में)
जीबीसी-1	**81**	**61,792**
जीबीसी-2	**290**	**67,202**
जीबीसी-3	**1406**	**80,224**
जीबीसी-4	**14,701**	**10,01,056**

उपरोक्त आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से 16,478 इकाईयों की ग्राउण्डिंग की गयी ।

इन ग्राउण्डिंग की गई इकाईयों के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कराये जाने हेतु जनपद स्तर से लेकर इन्वेस्ट यूपी स्तर पर सतत् प्रयास किया जा रहा है।

(ख) क्या उक्त कम्पनियों के माध्यम से जिन नवयुवको	उक्त इकाईयों द्वारा जिन नवयुवकों को रोजगार प्रदान किया जाता है, वह इकाई की कार्यात्मक आवश्यकता के आधार

को रोजगार प्राप्त हुआ है, उनका रोजगार सुचारू रूप से चल रहा है या दो-चार महीने रोजगार देने के बाद उनको बदल दिया जाता है ?	पर निर्भर है। निवेश एक सतत प्रक्रिया है, जो निवेशकों के निर्णयों परियोजना जीवनचक्र और बाजार परिदृश्यों के आधार पर किसी इन्डस्ट्रीज के विभिन्न चरणों में भिन्न-भिन्न होती है।
(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेगें ?	उक्त से प्रश्न का समाधान हो जाता है।

नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री,
औद्योगिक विकास विभाग।